(२) शनि का वाहन कौन-सा है?

(३) पाश्चात्त्य ज्योतिष में शनि को किस नाम से पहचानते हैं?

(४) यूनानी आख्यानों के अनुसार जूपिटर के पिता कौन हैं?

**अथवा**

**(आ)** ''मैं मिस्त्री हूँ बड़े साहब! यदु मिस्त्री! मुसीबत में फँसकर कुछ रुपयों के लिए आपके यहाँ आया हूँ।''

**प्रश्न :**

(१) उपर्युक्त वाक्य किस पाठ का है?

(२) यदु मिस्त्री किसके पास आया है?

(३) यदु मिस्त्री किसमें फँसा हुआ है?

(४) यदु मिस्त्री साहब के पास किसलिए आया है?

**प्र. २. (अ)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक उत्तर लगभग ८० शब्दों में हो : (८) [१४]

5

(१) विवेकानंद जी ने स्वदेश भक्ति के संबंध में कौन-सा आदर्श प्रस्तुत किया है?

(२) भोलाराम को सरपंच ने कौन-सी सजा सुनाई और क्यों?

(३) 'सोना' छात्रों के बीच लोकप्रिय कैसे बनी?

(४) जीवन में रसायनों का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

**(आ)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग १२० शब्दों में लिखिए : (६)

(१) 'योग्यता और व्यवसाय' निबंध में लेखक के अनुसार व्यवसाय का चयन करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

4

(२) 'एक मुट्ठी छाँव' कहानी में चित्रित परिवार की सहृदयता का परिचय दीजिए।

(३) चित्रगुप्त की परेशानियों को रेखांकित कीजिए।

**प्र. ३. (अ)** निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए : (४) [८]

8

(१) ज्यौं रहीम गति ............ की, कुल कपूत गति सोइ।

(अ) आरती (ब) बाती (क) दीप